Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 11-08-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title: Need to expedite the ongoing work on Bina Refinery in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के संसदीय क्षेत्र सागर में बीना के पास स्थापित होने वाली बीना रिफाइनरी के कार्य में काफी विलम्ब होने से इसमें लगने वाली लागत लगभग 6500 करोड़ रुपए से बढ़ कर 10000 करोड़ रुपए के आसपास पहुंच चुकी है तथा अभी भी इसका कार्य जितनी गतिशीलता से होना चाहिए, उतनी गति से नहीं हो रहा है। इसके निर्माण कार्य में जितनी अधिक देरी होगी, लागत राशि उतनी ही बढ़ती जाएगी क्योंकि कीमतें आसमान को छू रही हैं। दूसरी तरफ जो कुछ भी निर्माण कार्य हो रहा है उसमें काफी अनियमितताएं की जा रही हैं। अधिकारियों की उदासीनता अथवा मिलीभगत के चलते निर्माण कार्य काफी घटिया हो रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले दिनों बनाई जाने वाली बाऊंड्री वाल घटिया होने के कारण गिराकर पुनः बनवाई गई। इस संबंध में पूर्व में ध्यान नहीं देने से निर्माण पुनः कराना पड़ा।

अतः आपके माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बीना रिफायनरी का कार्य समय सीमा निर्धारित करके निश्चित अवधि में तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर अनियमितताओं को ठीक करने एवं अनुभवहीन तथा गुणवत्ताविहीन कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर ठीक कार्य कराने का सहयोग करें।

* Not Recorded
MR. SPEAKER: Mr. Sangwanji, I will allow you to raise it but please see that he was a very respected person himself. Personally speaking, all of us have been great admirers of him. We all have respect for Shri Suraj Bhanji. Therefore, please say in a manner so that by trying to espouse that cause, you may not bring him down. He is so high up. Let us not do that. It is a matter of great tragedy and sorrow. I had personal acquaintance and friendship with him.